तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जून 2026



10 ग्राम सुरही में मारपीट: दोनों पक्षों ने की रिपोर्ट में...





10 पंचायत उपचुनाव में प्रेमा बसंत की भारी...











## खबर संक्षेप



### सामूहिक छुट्टी के कारण तहसील में कामकाज ठप

**दुर्गूकोंदल।** नायब तहसीलदार तुषार मानिक प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में सोमवार को प्रदेशभर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सामूहिक अवकाश पर रहे। इसके चलते दुर्गूकोंदल तहसील सहित प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों में राजस्व कार्य प्रभावित रहे। राजस्व न्यायालयों की सुनवाई, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, भूमि सत्यापन एवं अन्य सेवाएं बाधित रहीं। दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों और किसानों को निराश होकर लौटना पड़ा। राजस्व अधिकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रह सकता है।

### हवाई अड्डों से नियमित उड़ान हो रही संचालित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के अंतर्गत जगदलपुर, बिलासपुर एवं अम्बिकापुर हवाई अड्डों से विभिन्न गंतव्यों के लिए नियमित विमान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यालय संभागायुक्त बस्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर हवाई अड्डा से रायपुर एवं हैदराबाद, बिलासपुर हवाई अड्डे से अम्बिकापुर, प्रयागराज और कोलकाता तथा अम्बिकापुर हवाई अड्डे से दिल्ली, कोलकाता और बिलासपुर की नियमित विमान सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं।

# तूफान ने मचाई तबाही, कई घरों के छप्पर उड़े, पेड़ गिरे और टूटे बिजली के तार

दुधावा के नयापारा में कुछ ही मिनटों की आंधी-तूफान ने ऐसी तबाही मचाई कि लोगों की रात खुले आसमान के नीचे गुजरी। तेज हवाओं ने घरों के छप्पर उड़ा दिए, पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया और बिजली व्यवस्था को ठप कर दिया। हालांकि इस प्राकृतिक आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कई परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुधावा**

विकासखंड नरहररपुर के ग्राम पंचायत दुधावा के आश्रित ग्राम नयापारा में बीती रात अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। देर रात चली तेज हवाओं और तूफान के कारण गांव में कई मकानों के छप्पर एवं छानी उड़ गए, जिससे प्रभावित परिवारों को भारी नुकसान हुआ। कई घरों की संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं और लोगों को रातभर परेशानियों का सामना करना पड़ा। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि गांव के कई बड़े पेड़ धराशायी हो गए। पेड़ों के गिरने से रास्ते भी कुछ समय के लिए अवरुद्ध हो गए। वहीं बिजली के खंभों और तारों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए।

पंचायत जनप्रतिनिधियों ने हरसंभव सहायता का दिलाया भरोसा





ग्रामीणों ने बताया कि तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी और मौसम के बिगड़ते मिजाज ने कुछ ही देर में गांव का स्वरूप बदल दिया। कई परिवारों के घरों की छतें उड़ जाने से घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी ग्रामीण सुरक्षित हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा प्रदान करने तथा विद्युत व्यवस्था को जल्द बहाल करने की मांग की है।

### जनप्रतिनिधियों ने पीड़ितों का जाना हालचाल

*घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच आकाश नेताम, उपसरपंच निरंजन गंजीर, पंचगण एवं ग्रामीणजन प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने क्षतिग्रस्त घरों का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों का हालचाल जाना तथा हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग भी की।*

## 1 साल बाद खुला अंधे कत्ल का राज, अवैध संबंध बना हत्या की वजह, 2 आरोपी गिरफ्तार

# पत्नी ने प्रेमी व दो साथियों के साथ साजिश रची और करंट देकर की थी पति की हत्या

एक साल पहले करेंट लगने से दल्लीराजहरा के एक व्यक्ति की मौत हुई, इस मौत को लेकर परिजनों की संलिप्ता होने के कारण उनका नजरिया अलग था, परंतु पुलिस का नजरिया इसे हत्या मान रही थी और इस मामले की गहराई से जब जाँच हुई तो यह अंधाकत्ल निकला जिसमें युवक की पत्नी, वहीं युवक की पत्नी का प्रेमी ने अधेकत्ल की योजना बनाई और आसपास के दो युवकों को भी शामिल किया। पुलिस ने इस अंधेकत्ल का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को दबोचा और हत्या में शामिल सामग्रियों को भी जप्त किया गया।

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर**


विदित हो कि 24 मई 2025 को थाना बांदे क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ था। मृतक की पहचान मुकेश विश्वास निवासी दल्लीराजहरा जिला बालोद के रूप में हुई। घटनास्थल निरीक्षण के दौरान मृतक के दोनों हाथों एवं उंगलियों में जलने के निशान पाए गए। मर्ग जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक परीक्षणों में मृत्यु का कारण विद्युत करंट लगना पाया गया।

प्रारंभिक जांच में घटनास्थल से कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य प्राप्त नहीं होने के कारण मामला पूर्णतः ब्लाइंड मर्डर के रूप में सामने आया। मृतक के पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यक्तिगत संबंधों की पड़ताल की गई। सायबर सेल के तकनीकि विश्लेषण में यह तथ्य सामने आया कि मृतक की पत्नी सरस्वती विश्वास एवं आरोपी दल्लीराजहरा निवासी इन्द्रजीत दास के बीच लगातार संपर्क था। तकनीकी साक्ष्यों एवं पूछताछ से यह भी ज्ञात हुआ कि दोनों के मध्य लंबे समय से अवैध संबंध था, जिसकी जानकारी मृतक को हो चुकी थी तथा इसी कारण पारिवारिक विवाद लगातार बढ़ रहा था। मृतक अपनी पत्नी से तलाक लेने की तैयारी कर रहा था।

मौत को हादसा समझते रहे लोग, पुलिस ने बताया यह था 'मर्डर प्लान'




तकनीकी जांच के आधार पर हत्या की गुत्थी को सुलझाने में मिली



### 4 आरोपियों को दबोचा

प्रकरण में आरोपी मृतक की पत्नी सरस्वती विश्वास निवासी शांतिपारा बांदे, इन्द्रजीत दास निवासी चिकलाकसा, थाना दल्लीराजहरा, सुरेन्द्र बछाड़ निवासी पीव्ही 81 राधानगर, थाना बांदे एवं रंजीत सरकार निवासी पीव्ही.81 राधानगर सभी आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष न्यायिक रिमांड में पेश किया गया।

### मृतक को रास्ते से हटाने तैयार की योजना

आरोपियों ने मृतक को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत मृतक को धोखे से बुलाकर आरोपी रंजीत सरकार के खेत स्थित लाड़ी में ले जाया गया, जहां आरोपियों द्वारा मृतक को अत्यधिक मात्रा में शराब पिलाकर उसके अचेत अवस्था के दौरान आरोपी रंजीत विश्वास के खेत में ट्यूबवेल मशीन के लिए प्रयुक्त विद्युत तार के माध्यम से करंट प्रवाहित कर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद घटना को दुर्घटना अथवा सामान्य मृत्यु का स्वरूप देने का प्रयास किया गया, ताकि पुलिस जांच को भ्रमित किया जा सके।

### लंबित अपराधों का किया जा रहा निराकरण

*पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि जिले में लंबित गंभीर अपराधों के त्वरित निराकरण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बांदे क्षेत्र में वर्ष 2025 में घटित एक जघन्य एवं अंधे हत्या के प्रकरण का सफल खुलासा किया गया है। लगभग एक वर्ष से अनसुलझे इस मामले में पुलिस ने वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी विश्लेषण, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों तथा लगातार की गई सूक्ष्म विवेचना के आधार पर हत्या की पूरी साजिश का पर्दाफाश किया है।*

## पूर्व किरायादार ने मोबाइल पर मकान मालिक को धमकाया




जान से मारने दी धमकी, आरोपी पर मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र के आवासपारा में एक पूर्व किरायेदार द्वारा मकान मालकिन और उसके पति को सोशल मीडिया व फोन के माध्यम से गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पखांजुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आवासपारा पखांजुर निवासी 31 वर्षीय रिंकू हालदार ने थाने में लिखित आवेदन पेश कर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि करीब 3 वर्ष पूर्व कागजनगर, जिला आदिलाबाद, तेलंगाना निवासी कपिल कीर्तनिया उनके घर में किरायेदार के रूप में रहता था। इस दौरान उसके साथ जान पहचान हो गया।

जब इस बात की जानकारी पति प्रशांत हालदार को हुई, तो उन्होंने आरोपी कपिल कीर्तनिया को तत्काल अपने घर से बाहर निकाल दिया। घर से निकाले जाने के बाद से आरोपी लगातार विवाद करने पर आमादा था। प्रार्थिया ने बताया कि अक्टूबर 2025 से आरोपी कपिल कीर्तनिया लगातार फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से उसे और उसके पति को गालियां दे रहा है। इतना ही नहीं आरोपी ने दोनों को जान से मारने की धमकी भी दी है। आरोपी की इन हरकतों और लगातार मिल रही धमकियों के कारण मैं और मेरा परिवार गहरे मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कपिल कीर्तनिया के खिलाफ धारा 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पुरानी रंजिश को लेकर बांस से की पिटाई, युवक का सिर फूटा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर**

पीव्ही 24 रूपनगर के पुराने मंदिर से जुड़ा विवाद एक युवक पर भारी पड़ गया। मामूली कहासुनी देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई, जब एक व्यक्ति ने गुस्से में आकर बांस के डंडे से युवक के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीव्ही-24 रूपनगर निवासी 29 वर्षीय नेपाल विश्वास ने पखांजुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि वह 31 मई को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पखांजुर से काम कर घर लौटा था और आराम कर रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी ने उसे बताया कि उसके बड़े भाई रंजीत विश्वास के साथ किसी ने मारपीट की है और वह गंभीर



रूप से घायल हो गया है। शिकायतकर्ता जब घर से बाहर निकला तो उसने देखा कि उसका भाई रंजीत विश्वास खून से लथपथ हालत में था। इसके बाद तत्काल डायल 112 की सहायता से घायल को सिविल अस्पताल पखांजुर पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। अस्पताल में होश आने के बाद घायल रंजीत विश्वास ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे गांव का ही जगदीश सरकार उसके घर के सामने आया था। गांव के पुराने मंदिर से जुड़ी किसी बात को लेकर वह नाराज था।


▸▸ शेष पेज 10 पर


## उदय नगर के आधार सेवा शिविर से मोहल्लेवासी हुए लाभान्वित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर**

उदय नगर वार्ड में आयोजित दो दिवसीय आधार सेवा शिविर में लोगों ने पहुंचकर नया आधार कार्ड बनवाया तथा अपने दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन कराए। इस जनहितकारी पहल से लोगों का समय और धन दोनों बचा, जिससे वार्डवासियों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला।

उदय नगर वार्ड में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 30 एवं 31 मई को आंगनबाड़ी केंद्र में दो दिवसीय आधार कार्ड सेवा शिविर का आयोजन प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक किया गया। संचालित इस शिविर में वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान लगभग 55 से अधिक नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठजनों ने पहुंचकर नया आधार कार्ड



बनवाया। इसके अलावा अनेक लोगों ने अपने आधार कार्ड में नाम, पता, मोबाइल नंबर तथा अन्य आवश्यक जानकारी का संशोधन एवं अपडेट भी कराया। स्थानीय स्तर पर इस सुविधा के उपलब्ध होने से लोगों को दूर स्थित सेवा केंद्रों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे उनका समय और आर्थिक खर्च दोनों बच सके। शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।


▸▸ शेष पेज 10 पर


## बकरा चुराकर कार से भागते चोरों का बाइक से पीछा किया, आरोपी फरार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर**

फिल्मी अंदाज में बकरा चोरी की एक सनसनीखेज वारदात ने कोड़ेकुर्से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। सफेद रंग की कार में सवार दो शातिर चोर दिनदहाड़े एक ग्रामीण के घर के आंगन से 28 हजार रुपये कीमत का बकरा उठाकर फरार हो गए। पीड़ित ने हिम्मत दिखाते हुए मोटरसाइकिल से आरोपियों का पीछा भी किया, लेकिन चोर तेजी से भाग निकलने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार कोड़ेकुर्से थाना क्षेत्र के ग्राम स्कूलपारा चाऊरगांव निवासी 41 वर्षीय नरेंद्र कश्यप खेती-बाड़ी के साथ बकरी पालन का कार्य करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 10 मई की सुबह करीब 8 बजे वे अपने नए घर में काम से गए हुए थे। इसी दौरान उनके पुराने घर के आंगन में बंधे लाल रंग के बड़े बकरे पर चोरों की नजर पड़ गई।


▸▸ शेष पेज 10 पर




आरोपियों का कार नंबर ट्रेस

### चोरों की पहचान बताई, मामला दर्ज

*पीड़ित के अनुसार कार का नंबर सीजी 04 एलजे 7861 था। एक आरोपी ने सफेद शर्ट जबकि दूसरे ने नीले रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। एक युवक के लंबे बाल, लंबी दाढ़ी-मूंछ और आंखों पर सफेद चश्मा था। चोरी गए बकरे की बाजार कीमत करीब 28 हजार रुपये बताई जा रही है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।*

## टोल फ्री नंबर, मोबाइल ऐप, वेबसाइट और व्हाट्सएप से 24×7 दर्ज होंगी शिकायतें

# सीएम हेल्पलाइन सुविधा कांकेर में शीघ्र, शिकायतों का अब होगा त्वरित समाधान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर**

सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए अब आम नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। छत्तीसगढ़ शासन की नई सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से लोग घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और उसकी हर स्तर पर निगरानी भी कर सकेंगे। कांकेर में इस नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सोमवार को जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विकसित सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली अब जिले में लागू होने जा रही है। इस नई व्यवस्था के तहत शिकायतों का निराकरण पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। इसके प्रभावी संचालन के लिए सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा की उपस्थिति में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण से जुड़े।

कलेक्टर-एसपी की मौजूदगी में अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

एक कॉल में दर्ज होगी शिकायत, सीएम हेल्पलाइन से मिलेगा समयबद्ध समाधान

सीएम हेल्पलाइन बनेगी जनता और सरकार के बीच मजबूत सेतु



### निगरानी सीधी की जाएगी

*कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस व्यवस्था की निगरानी सीधे की जाएगी, जिससे शासन-प्रशासन की जवाबदेही बढ़ेगी और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, एसडीएम अरुण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

### प्रेजेंटेशन दिखाते हुए दिया प्रशिक्षण

राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल के प्रमुख एवं सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अधिकारी आरके शर्मा तथा सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधक सौरभ श्रीकांत ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को पोर्टल के संचालन, शिकायत पंजीयन और निराकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 या 18002333300, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप तथा व्हाट्सएप जैसे मल्टी-चैनल माध्यमों से 24 घंटे शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत दर्ज होते ही आवेदक को एक विशिष्ट पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की स्थिति, संबंधित विभाग, जिम्मेदार अधिकारी तथा निराकरण की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। शिकायतों की निगरानी के लिए एल-1 से एल-4 तक की बहुस्तरीय व्यवस्था तैयार की गई है, जिससे ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक रियल टाइम मॉनिटरिंग संभव हो सकेगी।

## खेत में आगजनी से पाइप पंप, कृषि उपकरण खाक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजूर**

कापसी क्षेत्र के पीवी 130 श्रीनगर गांव में एक किसान के खेत में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार किसान कार्तिक राम सलाम के खेत में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आकर लगभग 200 नग पाइप, पंप, कृषि उपकरण तथा अन्य



सामग्री जलकर नष्ट हो गई। खेत के बीच स्थित मकान भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। किसान ने अज्ञात लोगों पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### कोड़ेजुंगा में रोजगार मेला 8 को लगेगा

***कांकेर।*** *जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 08 जून को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 242 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी।*

## खबर संक्षेप



### 10 क्विंटल फूलों से सजे श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**धमतरी।** श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में रविवार को दो दिव्य एवं भव्य मनोरथ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री गोवर्धननाथजी का 10 क्विंटल से अधिक सुगंधित और आकर्षक फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। शाम 6 से 8 बजे तक दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान की मनोहारी छटा का दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के तहत पहला मनोरथ फूलों का सघन वन रहा, जिसके मनोरथी श्रीमती रूक्मणि देवी-गोपालदास अग्रवाल परिवार थे। इस अवसर पर भगवान के लिए भव्य पुष्प बंगला तैयार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। कोलकाता से आमंत्रित कारीगरों ने लगभग 12 घंटे की मेहनत से मंदिर परिसर और पुष्प बंगले को भव्य स्वरूप दिया। सजावट में सेवंती, लाल सेवंती, कमल, रातरानी सहित विभिन्न प्रकार के ताजे एवं रंग-बिरंगे फूलों का उपयोग किया गया। फूलों की सुगंध और आकर्षक सज्जा ने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। दूसरा मनोरथ महारास (रास गरबा) था जिसके मनोरथी श्री गोपी सत्संग मंडल, गुजराती कॉलोनी रहे।

### चालीस वर्षों के विश्वास पर लगा घात

**धमतरी।** शहर के सराफा बाजार में उस समय हड़कंप मंच गया जब एक विश्वासपात्र युवक लाखों रूपए के जेवरात के साथ फरार हो गया। मामला संचेती ज्वेलर्स का है जहां 40 साल से कारीगर का काम कर रहे कारीगर के बेटे ने अमानत पर खयानत का काम किया है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है। सदर बाजार स्थित संचेती ज्वेलर्स के संचालक जसराज जैन ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सदर बाजार में उसकी सोने-चांदी की दुकान है। यह दुकान रमेशकुमार, दिलीपकुमार के नाम से है जहां चिंतामणि सोनी पिछले 40 साल से कारीगर का काम कर रहा है। चिंतामणि के पुत्र हेमंत सोनी को विश्वासपात्र मानकर जेवरात को बिक्री करने के लिए देते थे। वह फरवरी माह में सोने का हार, चेन आदि 212.770 ग्राम कीमत 34 लाख रुपए का जेवर बिक्री करने के लिए ले गया था। इस मामले में सीएसपी शैलेंद्र पांडे ने बताया कि युवक सराफा दुकान से 70 लाख का जेवरात लेकर फरार है। वह पीडब्ल्यूडी विभाग में डेलीविजेस पर कम्प्यूटर आपरेटर का काम करता था। उसके खिलाफ पुलिस अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। युवक के बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के लोगों का कहना है कि युवक पिछले दो माह से काम पर नहीं आ रहा है। इस खबर से विभाग के लोग भी सकते में हैं।

### चाकू की नोक पर लूट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**कुरूद।** भखारा थाना क्षेत्र स्थित शराब दुकान परिसर में युवक से चाकू की नोक पर लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद फरार चल रहे आरोपी समीर निर्मलकर को भखारा पुलिस ने घटना के पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया है।

# ग्राम सुरही में मारपीट: दोनों पक्षों ने की रिपोर्ट में पांच आरोपी नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सुरही में आपसी विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर अलग-अलग अपराध दर्ज कर पांच लोगों को आरोपी बनाया है तथा मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम कंडेल निवासी 45 वर्षीय संतोष निषाद पिता मिलऊराम निषाद 1 जून को थाना नरहपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि ग्राम सुरही में रामुराम ध्रुव के घर में किराये का मकान लेकर अपने परिवार के साथ रहता है और राज्य मिस्त्री का काम करता है। ग्राम सुरही में विगत 4 वर्षो से रामुराम ध्रुव के मकान में रहता है। तभी 31 मई कि ररात लगभग 8 बजें शत्रुघन नेताम शराब पीकर मेरे किराये के मकान के सामने आया और शत्रुघन नेताम ने मुझे बेवजह दम है तो छत के निचे ऊतर के आ बोलने पर मै छत से निचे ऊतर कर आया। तब तुम बाहर से आये हो किराये के मकान में रहते हो कहते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया, हाथ थप्पड़ से मारपीट करने



लगा। मारपीट करने से मेरे पीठ एवं मेरे दाहिना हाथ में दर्द हो रहा है। शत्रुघन नेताम ने आए दिन शराब का सेवन कर मोहल्ला गाली गलौच करता है। जिसे पारा मोहल्ला में अशांति एवं भय का मौहल बना हुआ है। मुझे शत्रुघन नेताम के द्वारा बेवजह मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर एवं जान से मारने की धमकी देकर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने से मुझे काफी बुरा लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शत्रुघन नेताम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

वही दूसरे पक्ष से थाना नरहरपुर अंतर्गत ग्राम सुरही निवासी 29 वर्षीय शत्रुघन नेताम पिता धीराजसिंग नेताम ने पुलिस को बताया कि 31 मई को रात लगभग 8 बजें घर वापस आया तो मेरे घर के सामने में रामसेवक पडोटी, पुष्पेन्द्र नेताम, गोकुल सुर्यवंशी, संतोष निषाद बैठे थे, जो मुझे देखकर हंसने लगे। मैं बोला क्यों हंस रहे हो तो फिर वहां पर बैठे सभी लोगो ने बोला कि हम लोगों को पूछने वाला तू कौन होता है। सभी ने गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मुझे हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे, जिससे मेरे घर से मेरी मां तिजिया बाई नेताम बाहर आई और मुझे छुड़ाने लगी तो मेरी मां तिजियाबाई नेताम को भी गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर घसीटे हैं। गाली गलौज व मारपीट की आवाज सुनकर मेरा भाई बड़ा भाई लोकचंद नेताम घर से बाहर आया और बीच बचाव किया। मारपीट करने से मेरे कान के पास, गाल, चेहरा, टुड्डी में एवं मेरे मां तिजियाबाई के गाल, पीठ एवं बांये हाथ के अंगूठा में चोट लगा है।

## पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव से छोटेकापसी की सरपंच को हटाया, जनता ने फिर सौंपा ताज

# पंचायत उपचुनाव में प्रेमा बसंत की भारी मतों से शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का होता है और ग्राम पंचायत छोटेकापसी के मतदाताओं ने इसे एक बार फिर साबित कर दिया है। सोमवार को संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में प्रेमा बसंत जुर्री ने भारी बहुमत के साथ सरपंच पद पर शानदार वापसी करते हुए दूसरी बार जनता का विश्वास हासिल किया है।

गौरतलब है कि पिछले पंचायत चुनाव में भी प्रेमा बसंत जुर्री को ग्रामीणों ने सरपंच चुना था। हालांकि लगभग छह माह पूर्व पंचायत के वार्ड पंचों द्वारा उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। उस समय पंचायत की आंतरिक राजनीति और गुटबाजी के चलते उन्हें हटाया गया था, लेकिन उपचुनाव के रूप में जब फैसला सीधे जनता के हाथों में आया, तो मतदाताओं ने अपना स्पष्ट जनादेश देते हुए प्रेमा बसंत जुर्री को पुनः सरपंच चुन लिया। ग्रामीणों ने भारी मतदान कर यह संदेश दिया कि उनके नेतृत्व पर जनता का



भरोसा पहले की तरह कायम है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार पद से हटाए जाने के बाद भी प्रेमा बसंत जुर्री लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहीं। उन्होंने ग्रामीणों के सुख-दुख में भागीदारी निभाई, जनसंपर्क बनाए रखा और विकास के मुद्दों को लेकर लोगों के बीच मौजूद रहीं। उनकी इसी सक्रियता और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें दोबारा जनता का समर्थन दिलाया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही छोटेकापसी में उत्सव का माहौल बन गया। समर्थकों ने पटाखे फोड़कर, गुलाल उड़ाकर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया, सरपंच ने सर्वप्रथम काली माता का आशीर्वाद लिया उसके बाद समर्थकों के साथ बाइक रैली निकाली, गांव में देर शाम तक जीत का जश्न चलता रहा।

# तीन प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला, 4 को आएंगे नतीजे




**पखांजूर।** नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 9 में होने वाले उपचुनाव को लेकर चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। वार्ड में तीन प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनके बीच मुकाबला दिलचस्प माना जा रहा है। सभी उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और घर-घर पहुंचकर समर्थन मांग रहे हैं। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने संजीता बिस्वास को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने रूखमणी एट्टी पर भरोसा जताया है। वहीं गोमती निषाद निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। तीनों उम्मीदवार वार्ड के विकास, मूलभूत सुविधाओं और जनसमस्याओं के समाधान को अपना प्रमुख चुनावी मुद्दा बना रहे हैं। वार्ड क्रमांक 9 में कुल 357 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को लेकर मतदाताओं में भी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। वार्ड में छोटे-छोटे जनसंपर्क कार्यक्रमों और बैठकों का दौर लगातार जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस उपचुनाव के परिणाम से वार्ड के विकास की दिशा तय होगी। यही कारण है कि मतदाता भी उम्मीदवारों की कार्यशैली, जनसंपर्क और विकास संबंधी वादों का आकलन कर रहे हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान के बाद मतगणना और परिणामों की घोषणा 4 जून को की जाएगी। अब सभी की निगाहें चुनाव नतीजों पर टिकी हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वार्ड क्रमांक 9 की जनता भाजपा, कांग्रेस या निर्दलीय प्रत्याशी में से किसे अपना जनप्रतिनिधि चुनती है।

# वार्ड-01 में भाजपा-कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई हल्की नोकझोंक के बीच मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में पार्षद पद के लिए सोमवार को हुए उपचुनाव का मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। दोनों वार्डों में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसके चलते मतदान प्रतिशत 87 से 90 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया। चुनाव के दौरान वार्ड क्रमांक 1 में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच कुछ समय के लिए हल्की नोकझोंक हुई, लेकिन प्रशासन और पुलिस की सतर्कता से मामला तत्काल शांत हो गया। हुईसुबह 8 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 5 बजे तक चली। वार्ड क्रमांक 01 के लिए डिपो कॉलोनी स्थित शासकीय भवन तथा वार्ड क्रमांक 12 के लिए आदर्श स्कूल को मतदान केंद्र बनाया गया था। मतदान के दौरान दोनों केंद्रों पर मतदाताओं की लगातार आवाजाही बनी रही। वार्ड क्रमांक 12 में महिला मतदाताओं का विशेष उत्साह देखने को मिला, जहां सुबह से ही महिलाओं की लंबी कतारें मतदान केंद्र के बाहर नजर आईं। मतदान के आंकड़ों पर नजर डालें तो वार्ड क्रमांक 01 में कुल 313 मतदाताओं में से 284 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे 90.71 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में कुल 293 मतदाताओं में से 255 मतदाताओं ने मतदान किया और यहां 87.03 प्रतिशत मतदान हुआ। उपचुनाव में मिले इस शानदार जनसमर्थन ने स्थानीय लोकतंत्र के प्रति लोगों की जागरूकता और विश्वास को एक बार फिर साबित किया है।



### अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

मतदान को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम तथा एसडीओपी अभिनव उपाध्याय, नायब तहसीलदार निधि नेताम, सीएमओ मयंक बसन्तवानी के द्वारा लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। दोनों केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास और राजकुमार शोरी ने भी समय-समय पर मतदान केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

### *4 जून को मतगणना*

*मतदान समाप्ति के बाद मतदान दलों ने ईवीएम मशीनों और अन्य चुनावी सामग्री को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में जमा कराया। अब सभी की निगाहें 4 जून को होने वाली मतगणना और परिणामों पर टिकी हुई हैं। गौरतलब है कि वार्ड क्रमांक 01 में कांग्रेस प्रत्याशी उमेश सोना और भाजपा प्रत्याशी प्रेम नाग आमने-सामने हैं, जबकि वार्ड क्रमांक 12 में कांग्रेस की सावित्री मरकाम और भाजपा की छबीला नेताम के बीच मुकाबला है। उपचुनाव के नतीजे यह तय करेंगे कि दोनों वार्डों में मतदाताओं ने किस उम्मीदवार पर अपना भरोसा जताया है।*

# बस्तर मुन्ने नियद नेल्लानार शिविर में समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने नियद नेल्लानार 2.0 के तहत दुर्गुकोंदल क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दुर्गूकोंदल, कर्रामाड़, हानपतरी, भंडारडिग्गी एवं सिंहारी ग्रामों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों एवं मांगों का त्वरित निराकरण करते हुए योजनाओं की जानकारी दी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो तथा भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री विजय पटेल ने कहा कि महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक उन्नति के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाएं अत्यंत लाभकारी साबित हो रही हैं। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे, बीआरसी लतीप सोम, मत्स्य अधिकारी शेखर चिंतुर, खाद्य अधिकारी लता कोसमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तपती दोपहरी में भी महतारी वंदन के ई-केवाईसी के लिए लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के लिए ई केवाईसी अनिवार्य किए जाने के बाद महिलाओं की भीड़ सीएससी और चॉइस सेंटर में बढ़ने लग गई है। शासन द्वारा 30 जून तक ई केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, ई केवाईसी नहीं होने की स्थिति में योजना की राशि प्रभावित होने की आशंका के चलते महिलाएं तपती दोपहर में भी केन्द्रो तक पहुंच रहे है। योजना के तहत मिलने वाले एक हजार रुपए की



मासिक सहायता राशि महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी हुई है, खासकर जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं इस राशि का उपयोग घरेलू जरूरतो के लिए कर रही है।हालांकि बार-बार होने वाली प्रक्रियाओं से महिलाओं में परेशानी देखी जा रही है। कई महिलाएं यह आशंका जता रही है कि यदि समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो उनका नाम योजना से कट सकता है..। सीएससी केंद्र संचालक चुम्मन लाल बघेल ने बताया कि ई केवाईसी का कार्य जिले के चिन्हित सीएससी केन्द्रो और आंगनबाड़ी केंद्रों की ईद के माध्यम से निशुल्क किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र मे लेपटॉप और बायोमेट्रिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, आगे चुम्मनबघेल ने बताया कि वर्तमान प्रक्रिया के लिए आधार कार्ड और महतारी वंदन योजना का पंजीयन नंबर अनिवार्य है, प्रक्रिया सरल होने के बावजूद महिलाओं को बार-बार चॉइस सेंटर और आंगनबाड़ी केन्द्रो के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं जिससे उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

## काउंटर रिपोर्ट की जांच शुरू

# जमीन विवाद पर चाचा-भतीजा आपस में भिड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम बागोडार में पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर आयोजित बैठक के बाद पारिवारिक विवाद पुलिस थाने तक पहुंच गया। चाचा और भतीजे ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने अलग-अलग अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष ने बैठक के दौरान मारपीट कर चोट पहुंचाने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष ने जानलेवा हमले और लगातार धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की विवेचना कर रही है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बागोडार



निवासी 64 वर्षीय छबिलाल जैन पिता स्व. किशून राम जैन ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 1 जून को हमारे पैतृक जमीन का बटवारा के लिए गांव में मीटिंग रखा गया था।

मेरे घर परिवार से मंझला भाई के परिवार से कोई नहीं आने पर मीटिंग निरस्त किया गया। सभी अपने अपने घर जाने के लिए निकल रहे थे, मैं भी घर जाने वाला था कि उसी समय लगभग सुबह साड़े 10 बजे मीटिंग में उपस्थित हुए मेरे बड़े भाई का बेटा भागवत जैन के द्वारा मेरे कालर को पीछे से खिंचकर मुझे गाली गलौज करने लगा, जिसे गाली देने से मना किया। तो आरोपी कहने लगा कि कौन होता है मुझे गाली देने से मना करने वाला। आक्रोश में आकर मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा। उसी समय मीटिंग में उपस्थित लोगो के द्वारा बीच बचाव किया। मारपीट से मेरे पीट एवं शरीर में चोट लगा है दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भागवत जैन के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

वही दूसरे पक्ष से शिकायत करने पहुंचे बागोडार निवासी भागवत राम जैन पिता जागेश्वर जैन ने पुलिस को बताया कि ग्राम बागोडर ग्राम प्रमुखों के साथ मेरा चाचा छबीलाल जैन पिता किशुन द्वारा पैतृक जमीन को लेकर ग्राम के समक्ष बैठक रखा था। बैठक समाप्ती पश्चात छबीलाल जैन द्वारा मेरे उपर गाली गलौज कर जान लेवा हमला किया, जिससे मुझे चोटें आई है। चूंकि मैं शासकीय कर्मचारी एवं पारिवारिक व्यक्ति हूं इसलिए कभी मेरे परिवार के साथ अनहुनी न हो, यह जानकारी मैं आपको दे रहा हूं। क्योंकि छबीलाल जैन मुझे जान से मारने एवं मेरी नौकरी खा जाउंगा करके धमकी दे रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छबीलाल जैन के खिलाफ धारा 296,115 (2), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### ग्राम पंचायत ओटेंडा में कांग्रेस समर्थित बुधराम नेताम बने सरपंच

**कोण्डागांव।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओटेंडा के सरपंच पद के लिए हुए निर्वाचन में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी बुधराम नेताम विजयी घोषित हुए हैं। उनकी जीत के बाद गांव में उत्साह का माहौल देखा गया। समर्थकों और ग्रामीणों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा नव निर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं दीं। सरपंच पद पर निर्वाचित होने के बाद बुधराम नेताम ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे गांव की जीत है। उन्होंने कहा कि पंचायत के सवांगीण विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## पेज 09 के शेष

### पुरानी रंजिश को लेकर...

इसी बात को लेकर आरोपी ने पहले गाली-गलौच शुरू कर दी और फिर जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से उसके सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की शिकायत मिलने पर पखांजुर पुलिस ने आरोपी जगदीश सरकार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2) एवं 351(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### उदय नगर के आधार...

साथ ही कहा कि भविष्य में भी नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे जनहितकारी शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा। वार्ड पार्षद चंद्रलोक सिंह ठाकुर ने बताया कि आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान और नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधार कार्ड विभिन्न शासकीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का आधार अद्यतन होना बेहद जरूरी है।

### बकरा चुराकर कार से...

सफेद रंग की एक छोटी कार में पहुंचे दो अज्ञात युवक चुपचाप आंगन में घुसे और बकरे को उठाकर कार में डाल लिया। इसके बाद वे कोड़ेकुर्से की दिशा में तेजी से फरार हो गए। घटना के समय घर पर केवल छोटे बच्चे मौजूद थे। घर लौटने पर उनकी बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद शिकायतकर्ता नरेंद्र कश्यप तत्काल मोटरसाइकिल लेकर आरोपियों के पीछे निकल पड़े। महिला तालाब के पास उन्हें संदिग्ध सफेद कार दिखाई दी। उन्होंने मोटरसाइकिल की रफ्तार बढ़ाकर कार के करीब पहुंचने का प्रयास किया और रुकने का इशारा भी किया, लेकिन कार सवारों ने वाहन की गति और तेज कर दी तथा मौके से भाग निकले।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुकेश नोडल अधिकारी नियुक्त

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में आगामी मानसून में जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसमें जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण के लिए मुकेश कुमार देवांगन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह तहसील स्तर पर पंचराम सलामें तहसीलदार बीजापुर, प्रियंका बंजारा तहसीलदार भैरमगढ़ , लक्ष्मण राठिया तहसीलदार भोपालपटनम, देवनंदन टंडन तहसीलदार उसूर, सूर्यकांत धरत प्रभारी तहसीलदार कुटरू, भोज कुमार डहरिया तहसीलदार गंगालूर। बाढ़ अथवा अन्य आपदा संबंधी किसी भी आपात स्थिति में संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### धमतरी विधायक को जनता की नहीं, अंगूर की चिंता : अमन

**धमतरी।** ग्राम पंचायत देमार में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम को लेकर भाजपा रांवा मंडल अध्यक्ष अमन राव ने विधायक ओंकार साहू पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों को सुनकर उनका निराकरण करना है, लेकिन कार्यक्रम में विधायक का ध्यान जनसमस्याओं के बजाय नाश्ते पर केंद्रित दिखाई दिया। अमन राव ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान अंगूर खाने के बाद विधायक ने वहां उपस्थित देमार पंचायत के सचिव से कहा कि अंगूर खराब है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार में जनप्रतिनिधियों का दायित्व जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए पहल करना है, न कि नाश्ते की गुणवत्ता पर चर्चा करना है।

### छह माह से अटकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही परेशान

**धमतरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन के लिए पिछले करीब 6 माह से हितग्राही इंतजार कर रहे हैं। स्थिति यह है कि समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जानकारी लेने पहुंच रहे हैं।

महिला आरक्षण लागू करने की मांग पर महिला कांग्रेस का अभियान

# पोस्टकार्ड के जरिए महिला कांग्रेस ने केंद्र सरकार को याद दिलाया आरक्षण का वादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

महिला कांग्रेस दंतेवाड़ा द्वारा महिला आरक्षण को तत्काल लागू करने और ओबीसी, एसटी एवं एससी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग को लेकर सोमवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पोस्टकार्ड भेजकर महिला आरक्षण को बिना विलंब लागू करने की मांग की।



- **महिला आरक्षण पर दंतेवाड़ा से दिल्ली तक पहुंचाया संदेश**



अभियान के दौरान महिलाओं ने पोस्टकार्ड पर महिला आरक्षण लागू करो, आज करो, अभी करो, ओबीसी, एसटी, एससी आरक्षण लागू करो जैसे संदेश लिखे। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संसद में महिला आरक्षण कानून पारित होने के बाद भी इसके क्रियान्वयन में लगातार देरी हो रही है, जिससे देशभर की महिलाओं में निराशा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी दिलाने के लिए आरक्षण को जल्द लागू करना आवश्यक है। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कहा कि महिलाओं को केवल अधिकार देने की बातें करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उन्हें राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बराबरी का अवसर भी देना होगा। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण लागू होने से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा तथा महिलाओं की आवाज नीति निर्माण में प्रभावी रूप से सुनी जा सकेगी।

जिला पंचायत सदस्य व महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने कहा कि देश की महिलाएं लंबे समय से अपने अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी के विस्तार की मांग कर रही हैं। महिला आरक्षण लागू होने से पंचायतों से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और समाज के सभी वर्गों की महिलाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा।

जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि महिला आरक्षण में ओबीसी, एसटी और एससी वर्ग की महिलाओं के लिए भी समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और नेतृत्व के अवसर देने के लिए यह आवश्यक है।

महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस लगातार महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार तक महिलाओं की मांग पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि महिला आरक्षण को जल्द लागू नहीं किया गया तो संगठन द्वारा आगे भी जनजागरण और आंदोलनात्मक कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाए बिना देश के समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए केंद्र सरकार को महिला आरक्षण के क्रियान्वयन में हो रही देरी को समाप्त कर जल्द से जल्द इसे लागू करना चाहिए। इस पोस्टकार्ड अभियान में सुमित्रा सोरी, राधा नाग, स्नेह लता, इंद्रा ठाकुर, रिंकी बेंजाम, किशनदई, सहित महिला कांग्रेस की अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# संगठन का ऑक्सीजन हैं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता : राहुल



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारतीय जनता युवा मोर्चा दंतेवाड़ा जिले के बचेली मण्डल की प्रथम कार्यसमिति बैठक सांसद कार्यालय बचेली में संपन्न हुई ।

बैठक का उद्देश्य संगठन को और अधिक बूथ स्तर तक मजबूत करना, हर घर तक केंद्र व राज्य के भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचना, ज्यादा से ज्यादा युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य, 2028 विधानसभा व 2029 लोकसभा चुनाव में फिर कमल खिलाने का संकल्प रहा। भाजयुमो की कार्य समिति बैठक में मुख्य रूप से युवा सशक्तिकरण पर जोर देने हेतु रणनीति बनाई गयी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष बचेली अमलेंदु चक्रवर्ती ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है, उन्होंने युवाओं को अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करने का मंत्र दिया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष राहुल असरानी ने कहा की भाजपा संगठन की ऑक्सीजन हैं युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ता, युवा ही राष्ट्र की असली ताकत है । यही युवा है जो 2023 विधानसभा एवं 2024 लोकसभा चुनाव साथ ही नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में परिश्रम कर प्रचंड जित लाये थे, अब आगामी चुनावों में हर बूथ पर कमल पुनः खिलाएगा भाजयुमो का कार्यकर्ता। असरानी ने कहा की कांग्रेस जैसी पार्टियां सामाजिक ताने -बाने को तोड़ना चाहती है। राष्ट्रवादी विचारधारा की रक्षा युवा मोर्चा करेगा। भाजयुमो जिला महामंत्री कामो कुंजाम ने आगामी कार्ययोजना के बारें में चर्चा करते हुए हर बूथ तक पहुँचने का संकल्प लेकर कार्य करने हेतु कहा एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ को जन जन तक पहुंचाने हेतु आग्रह किया।

- **भाजयुमो बचेली मण्डल की कार्यसमिति बैठक संपन्न हुईं**
- **युवा सशक्तिकरण पर जोर, बनाई रणनीति**

भाजयुमो जिला महामंत्री निखिल नाग ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा भाव से कार्य करते हुए संगठन की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाएं,अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जुड़ने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांत स्वाई, शैलेन्द्र ठाकुर, जिला मंत्री नरेश चौहान, गौरव भवानी, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अर्नब चक्रवर्ती, भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र ठाकुर, सह प्रभारी नितेश अधिकारी, मंडल महामंत्री वैभव साहा, डीके कश्यप, प्रियांशु ठाकुर, रवि स्वामी, शौर्य सिंह, गोपाल साहा, विवेक पटेल, नैतिक श्रीवास्तव, आदर्श सिंह, अमन प्रताप सिंह, शुभम मंडल, लक्की शाह, नमन पॉल, अनीश सिंह, अमन एवं समस्त भाजयुमो पदाधिकारी,कार्यसमिति सदस्य व कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# रेत माफिया श्मशान घाट तक को नहीं बख्श रहे : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने जिले में चल रहे व्यापक अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और अवैध भंडारण को लेकर साय सरकार और स्थानीय जिला प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि धमतरी जिला इस वक्त पूरी तरह से रेत माफियाओं के चंगुल में है और प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी इस बात का प्रमाण है कि इस अवैध कारोबार को सत्ता और अधिकारियों का खुला संरक्षण प्राप्त है। रेत माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि वे अब हमारी आस्था और श्मशान घाटों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ग्राम खरेंगा में महानदी किनारे स्थित पारंपरिक श्मशान घाट को खोदकर अवैध रेत निकाली गई, जिससे 10 से अधिक नरकंकाल और अस्थियां बाहर बिखर गईं। यह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और मृतकों का घोर अनादर है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर महानदी के तटीय क्षेत्रों में रात-दिन भारी भरकम चेन माउंटेन से अवैध खुदाई की जा रही है। इससे प्राकृतिक जलस्त्रोत नष्ट हो रहे हैं और भूजल स्तर लगातार गिर रहा है। श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस का खोखला दावा करते हैं। सुशासन का झूठा त्योहार मना रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है कि यदि आगामी दिनों के भीतर जिले में अवैध रेत उत्खनन और भंडारण पर पूरी तरह से पूर्ण विराम नहीं लगा।

# फल दुकानों पर खाद्य विभाग की कार्रवाई, खराब फलों को हटवाए





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले के फल दुकानों का निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम में फलों की बढ़ती मांग को देखते हुए खराब एवं लंबे समय से रखे फलों की बिक्री रोकने के लिए यह कार्रवाई की गई। अभिहीत अधिकारी डीके देवांगन के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता ने शहर के छोटे फल विक्रेताओं सहित थोक विक्रेता मेसर्स अनित जायसवाल फल भंडार का निरीक्षण किया। जांच के दौरान प्रतिष्ठान में करीब 15 किलो खराब आम ताजे फलों के साथ रखे पाए गए, जिन्हें तत्काल नष्ट करने के लिए अलग करवाया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान से एनालॉग पनीर का नमूना लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया। वहीं अन्य दुकानों से भी करीब 3 किलो आम, 5 दर्जन केले और 1 किलो संतरे खराब पाए जाने पर अलग करवाकर नष्ट करने के निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, खराब फलों को ताजे फलों से अलग रखने तथा उनके विक्रय से बचने के निर्देश दिए हैं।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए का मिला नया मंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर एवं व्यवस्थित तैयारी के लिए एक नई सौगात मिली है। कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में बीजापुर कैरियर एकेडमी का शुभारंभ किया गया। एकेडमी के माध्यम से युवाओं को यूपीएससी, सीजीपीएससी, एसएससी, सीजी व्यापम बैंकिंग, रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। शुभारंभ अवसर पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। पहले ही दिन 100 से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीयन कर एकेडमी के प्रति उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति, नवीनतम सिलेबस, समय प्रबंधन तथा सफलता के प्रभावी तरीकों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को सीजीपीएससी परीक्षा का नवीनतम सिलेबस निःशुल्क वितरित किया गया, जिससे वे अपनी तैयारी को बेहतर ढंग से शुरू कर सकें। अधिकारियों एवं शिक्षकों ने युवाओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। एकेडमी में 2 जून से नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ होगा। प्रारंभिक चरण में दो बैच संचालित किए जाएंगे, जिनमें विशेष रूप से सीजीपीएससी एवं सीजी व्यापम की तैयारी कराई जाएगी। इस पहल से जिले के युवाओं को अपने गृह जिले में ही गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।

# 55 बालिकाओं को लगा गर्भाशय कैंसर से बचाव का एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अभियान के तहत बस्तर विकासखंड में एचपीवी टीकाकरण का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में पीएचसी केशरपाल और पीएचसी रोतमा में बालिकाओं को गर्भाशय कैंसर से बचाव का टीका लगाया गया। सीएमएचओ डॉ. संजय और बीएमओ डॉ. नारायण सिंह नाग के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मुस्तैदी से कार्य किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल में 40 और रोतमा में 15 लक्षित हितग्राहियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। कुल 55 बालिकाओं को टीका लगाकर कैंसर से सुरक्षा कवच दिया गया।



### 9 से14 वर्ष की बालिकाओं के लिए प्रभावी

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर रोकने का सबसे प्रभावी हथियार है। 9 से 14 वर्ष की उम्र में टीका लगने से वायरस के खिलाफ मजबूत इम्युनिटी बनती है। यह टीका न केवल कैंसर बल्कि एचपीवी वायरस से होने वाले अन्य गंभीर संक्रमणों से भी बचाता है। देश-प्रदेश से गर्भाशय कैंसर के कलंक को मिटाने के लिए इस टीके को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में अहम स्थान दिया गया है।

### सुरक्षा सबसे बड़ा बचाव

बीएमओ डॉ. नारायण सिंह नाग ने पालकों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि पात्र बालिकाओं को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान है। आने वाली पीढ़ी को कैंसर मुक्त भविष्य देने के लिए भागीदारी जरूरी है। सुरक्षा ही सबसे बड़ा बचाव है।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को भुगतान प्रारंभ

# एक दिन में 12 करोड़ खातों में राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन के अंतर्गत जिले की 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 45 लॉटों में 40 हजार 716 संग्राहकों द्वारा कुल 65,430.359 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है। शासन द्वारा निर्धारित 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से संग्राहकों को कुल 35.99 करोड़ रुपये पारिश्रमिक का भुगतान किया जाना है।

भुगतान प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण में 12 हजार 379 संग्राहकों के खातों में 12 करोड़ रुपये की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की गई है। इसमें प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति गुडमा के 1,912 संग्राहकों को 1.95 करोड़ रुपये, कुटरू के 937 संग्राहकों को 1.29 करोड़ रुपये, तोयनार के 961 संग्राहकों को 1.20 करोड़ रुपये तथा बरदेला के 1,023 संग्राहकों को 1.11 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इसी प्रकार संतोषपुर, भैरमगढ़, माटवाड़ा, कोडोली, नैमेड़, भद्रकाली एवं चेरपल्ली समितियों के संग्राहकों के खातों में भी लाखों रुपये की राशि ऑनलाइन जमा की गई है।

# बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बीजापुर द्वारा सड़क, बस स्टेशन, हॉटबाजार एवं असुरक्षित परिस्थितियों में जीवनयापन करने वाले बच्चों के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेष अभियान 1 जून से 30 जून तक चलाया जा रहा है।

बचपन को सड़क नहीं, सुरक्षित भविष्य चाहिए कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित इस एक माह के विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास की मुख्यधारा से जोड़ना है। अभियान के तहत बाल श्रमिक, भिक्षावृत्ति में लिप्त, अपशिष्ट संग्राहक एवं परिवार से अलग रह रहे बच्चों का तत्काल रेस्क्यू किया जाएगा।

सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। बच्चों को बालगृह/आश्रय गृह, शिक्षा, स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सुविधाओं से जोड़ा जाएगा। संभव होने पर परिवार पुनर्स्थापन एवं आवश्यक होने पर दीर्घकालिक पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। बाल श्रम, शोषण, यौन उत्पीड़न एवं मानव तस्करी से बच्चों को बचाने हेतु पुलिस, श्रम, शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त कार्यवाही होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास ने बताया, इस अभियान की सफलता जमीनी अमले पर निर्भर है। इसलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बीजादूतिर स्वयंसेवकों को चिन्हांकन की पंचशक्ति के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। ये सभी अपने क्षेत्र में दिन-रात सड़क, बाजार में घूमने वाले, अकेले रहने वाले या भिक्षावृत्ति, कचरा बीनने में लगे बच्चों की सूचना तत्काल देंगे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जनगणना महाअभियान का प्रथम चरण पूरा, तीस दिनों में जुटाए हजारों आंकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनगणना 2027 के पहले चरण में कांकेर जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दुर्गम जंगलों, दूरस्थ गांवों और शहरी बस्तियों तक पहुंचकर प्रशासनिक अमले ने निर्धारित समय सीमा में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। आधुनिक तकनीक के उपयोग और जनसहयोग के बल पर जिले का कोई भी क्षेत्र सर्वेक्षण से अछूता नहीं रहा। यह आंकड़े आगामी फरवरी 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना की मजबूत नींव साबित होंगे।

जनगणना 2027 के तहत जिले में प्रथम चरण के रूप में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समयावधि 1 मई से 30 मई 2026 के बीच सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। यह सूची आगामी फरवरी 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करेगी। इस दौरान भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 33 बिंदुओं के आधार पर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा परिवारों की परिसंपत्तियों से संबंधित आंकड़े एकत्र किए गए। संकलित सभी जानकारियां सुरक्षित रूप से भारत सरकार के सर्वर में संग्रहित की गई हैं। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रथम चरण की सफलता पर जिलेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग के कारण ही यह महत्वपूर्ण अभियान सफल हो सका है। उन्होंने फरवरी 2027 में आयोजित होने वाले द्वितीय चरण जनसंख्या गणना में भी नागरिकों से इसी प्रकार सहयोग करने की अपील की। दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने की चुनौतियों के बावजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने समर्पण तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय में प्रथम चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी व्यक्तिगत जानकारियां जनगणना अधिनियम 1948 एवं जनगणना नियमावली 1990 के तहत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी तथा उनका उपयोग केवल नीति निर्माण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए किया जाएगा।

## फरवरी 2027 में अब होगी जनसंख्या की गणना




### 1882 ने लक्ष्य को किया पूरा

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जिले की 11 तहसीलों एवं 6 नगरीय निकायों में यह कार्य संपादित किया गया। इसके लिए 11 ग्रामीण चार्ज और 6 नगरीय चार्ज बनाए गए थे, जिनके अंतर्गत कुल 1622 मकान सूचीकरण गणना ब्लॉक गठित किए गए। अभियान के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 1882 अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। इस टीम के द्वारा निर्धारित समय पर लक्ष्य को पूरा किया।

## खबर संक्षेप

### जुनवानी की पानी टंकी में दरार, टूटी पाइपलाइन और जलापूर्ति है बाधित



**सरोना।** गांव का विकास, हमारा विश्वास थीम पर आयोजित सुशासन तिहार शिविर में विकास कार्यों की उपलब्धियों से अधिक ग्रामीणों की समस्याएं चर्चा का विषय बन गईं। जुनवानी और आसपास के गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने पेयजल संकट, जर्जर पानी टंकियों और अधूरी नल-जल योजना को लेकर खुलकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि करोड़ों की योजनाएं कागजों में सफल दिख रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में लोग आज भी पानी के लिए परेशान हैं। जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जुनवानी में आयोजित बस्तर मुन्ने सुशासन तिहार 2026 के क्लस्टर स्तरीय शिविर में ग्रामीणों ने पेयजल संकट और अधूरी व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त की। शिविर में छह ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष सोमन कावड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि ग्राम पंचायत जुनवानी की सरपंच ईश्वरी कोर्राम ने अध्यक्षता की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी, लेकिन चर्चा का केंद्र पेयजल व्यवस्था की खामियां बनी रहीं। ग्रामीण प्रतिनिधि नंदकुमार सिन्हा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बताया कि गांव में नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टंकी और पाइपलाइनें अपेक्षित लाभ नहीं दे पा रही हैं। कई स्थानों पर पाइपलाइन टूट चुकी है, जिससे जलापूर्ति बाधित हो रही है, वहीं पानी टंकी में आई दरारों ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पूर्व माध्यमिक शाला जुनवानी में स्थापित पानी टंकी की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों ने कहा कि हर घर नल-जल योजना का लाभ प्रत्येक परिवार तक पहुंचना चाहिए, लेकिन कई घर आज भी नियमित पानी से वंचित हैं। जनपद अध्यक्ष सोमन कावड़े ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि सुशासन तिहार में उठाए गए मुद्दों का शीघ्र समाधान होगा और क्षेत्र की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से लोगों को राहत मिलेगी।

### दुर्गूकोंदल की समस्याओं पर सौंपा ज्ञापन व दी आंदोलन की चेतावनी



**भानुप्रतापपुर।** दुर्गुकोंदल क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होने पर आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यों में कमीशनखोरी की जा रही है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को तत्काल हटाकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही दुर्गुकोंदल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को समय-सीमा पार एवं एक्सपायरी दवाइयां वितरित किए जाने का आरोप लगाते हुए संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। किसानों को कृषि कार्य के लिए समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की मांग करते हुए कहा गया कि वर्तमान में किसानों को आवश्यक कृषि सामग्री समय पर नहीं मिल पाने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि 1 जून से 7 जून तक मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो 8 जून से दुर्गुकोंदल बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं सड़क जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## नन्हे सितारे के समर कैंप का भव्य समापन, प्रतिभाओं ने बिखेरे हुनर

# फन समर कैंप के समापन सत्र में विज्ञान प्रदर्शनी व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ आदिवासी अंचलों के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हंसी, उत्साह, सीख और रचनात्मकता से भरे 12 दिनों के यादगार सफर का समापन शानदार अंदाज में हुआ। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 2026' ने जिले के सैकड़ो बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर दिया। समापन समारोह में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों, विज्ञान मॉडल और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि अवसर मिलने पर ग्रामीण और आदिवासी अंचलों के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं।

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'नन्हे सितारे फन एंड लर्न समर कैंप 2026' का भव्य एवं गरिमामय समापन समारोह उत्साह, उमंग और उपलब्धियों के बीच संपन्न हुआ। 19 मई से 30 मई तक आयोजित इस विशेष शिविर में जिले के हजारों बच्चों ने रचनात्मक, शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समर कैंप की सबसे बड़ी विशेषता दूरस्थ आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही। कोयलीबेड़ा विकासखंड के कंडाड़ी, सीतरम, पानीडोबीर सहित कई दुर्गम गांवों से आए बच्चों ने जिला मुख्यालय में रहकर विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इससे बच्चों को नए अनुभवों के साथ आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर मिला। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को योग, व्यायाम, स्पोकन इंग्लिश, नृत्य, संगीत, चित्रकला, क्राफ्ट, कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा विभिन्न खेल गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, पीएमश्री उत्कृष्ट नरहरदेव इंग्लिश मीडियम स्कूल, आदिवासी संग्रहालय, गढ़िया पहाड़ सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। इससे बच्चों को व्यवहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा प्राप्त हुई। समापन समारोह में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी, आनंद मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषाओं पर आधारित रैंप वॉक मुख्य आकर्षण रहे। लोकनृत्य, समूह गायन और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

### नन्हे बच्चों की नई उड़ान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि 'नन्हे सितारे' समर कैंप बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने वाला अभिनव प्रयास है। यह केवल अवकाशकालीन गतिविधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त मंच है। वहीं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि बच्चों की मुस्कान, जिज्ञासा और आत्मविश्वास ही इस शिविर की सबसे बड़ी सफलता है।

### मुस्कान और आत्मविश्वास कैंप की बड़ी उपलब्धि

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा कि बच्चों की मुस्कान और आत्मविश्वास ही इस समर कैंप की सबसे बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा के साथ जीवन कौशल और रचनात्मकता का विकास भी आवश्यक है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। समर कैंप का यह समापन जिले के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत के रूप में याद किया जाएगा।

## नगर पंचायत के कार्यों पर उठे सवाल कांग्रेसियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय कांप्लेक्सों के निर्माण, दुकानों के आवंटन और अवैध अतिक्रमण को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं एवं पार्षदों ने नगर में विकास कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन किया जाएगा।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपने के उपरांत मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि नगर पंचायत मुख्य चौक स्थित शासकीय कांप्लेक्स के प्रथम तल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके आवंटन की प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों के पालन को लेकर नगरवासियों के बीच संदेह की स्थिति बनी हुई है। कांग्रेसियों ने मांग की है कि परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप प्रथम तल की सभी दुकानों का आरक्षण रोस्टर एवं रोटेशन प्रणाली के तहत लॉटरी के माध्यम से निर्धारण कर खुली नीलामी कराई जाए। ज्ञापन में गायत्री मंदिर के सामने स्थित शासकीय कांप्लेक्स की रिक्त दुकान क्रमांक-07 का भी उल्लेख किया गया है। आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों द्वारा उक्त दुकान पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा वहां रंगाई-पुताई का कार्य भी कराया जा रहा है। कांग्रेसियों ने दुकान को नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया में शामिल करने और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय के सामने बन रहे नवीन कांप्लेक्स के आवंटन में भी आरक्षण रोटेशन और खुली नीलामी प्रक्रिया अपनाने की मांग की गई है। ज्ञापन में शासकीय हाई स्कूल भवन के समीप स्थित राम वाटिका में कथित रूप से हरे-भरे एवं फूलदार वृक्षों की कटाई कर अवैध कांप्लेक्स निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

### ज्ञापन में चेतावनी दी गई

यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्षद एवं कांग्रेसजन क्रमबद्ध धरना-प्रदर्शन, आंदोलन और आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## बार-बार बिजली कटौती से बढ़ी परेशानी व चेंबर ने सौंपा ज्ञापन



**भानुप्रतापपुर।** नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि भानुप्रतापपुर नगर और आसपास के क्षेत्रों में बिना पूर्व सूचना के बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे आम जनता, व्यापारी वर्ग, विद्यार्थियों तथा विभिन्न संस्थानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कंप्यूटर, इंटरनेट एवं अन्य विद्युत आधारित उपकरणों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। साथ ही विद्युत उपकरणों के खराब होने की आशंका भी बनी रहती है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली गुल होने से आम नागरिकों को भी दैनिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में आवश्यक सुधार कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा यदि किसी कारणवश बिजली कटौती आवश्यक हो तो इसकी पूर्व सूचना आम जनता और व्यापारियों को उपलब्ध कराई जाए। चेंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि विभाग जनहित और व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, जिला मंत्री राकेश रामानी, भानुप्रतापपुर इकाई अध्यक्ष यश कथूरिया, महामंत्री नमन झाबक जैन, कोषाध्यक्ष आनंद जैन, नारायण पाढ़ी, विजय बरडिया, कपूरचंद बागरेचा, एज़ाज़ रिजवी, लक्ष्मण माखीजा, प्रदीप नवलानी, डेविड देवांगन, विवेक गुप्ता, मोंटी कुलदीप, अनूप दास, राहुल रामानी सहित अन्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में दुर्गूकोंदल बस स्टैंड में वाटर कूलर की सुविधा से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल ने आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बस स्टैंड परिसर में शीतल पेयजल की व्यवस्था करते हुए वाटर कूलर स्थापित किया है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में इस बहुप्रतीक्षित सुविधा का शुभारंभ किया गया।

ग्राम पंचायत की सरपंच शकुंतला नरेटी ने बताया कि बस स्टैंड में आने वाले ग्रामीणों, यात्रियों और व्यापारियों द्वारा लंबे समय से स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की व्यवस्था की मांग की जा रही थी। गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा बस स्टैंड परिसर में वाटर कूलर स्थापित कर शीतल जल केंद्र की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों, यात्रियों, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा तथा गर्मी के दौरान उन्हें स्वच्छ और ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष गोपी बढ़ाई ने पहल की सराहना की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी के कारण लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था बेहद जरूरी है। बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थल पर वाटर कूलर स्थापित करना एक जनहितकारी और अनुकरणीय कार्य है, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इस दौरान वार्ड पंच फूल कुंवर दुर्गे, उतरा वारे, ओम दुग्गा, मंजू दुग्गा, कृष्ण दुग्गा, सावित्री बघेल, लक्ष्मी नरेटी, रामेश्वरी जैन, कविता टेकाम, प्रियंका नरेटी, श्यामबती दुग्गा, परमेश्वरी नेताम, सतीश मड़ावी, दीपक जैन, किशोर सिंहा, रामदास सहित नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के मन की बात का 134वां एपिसोड भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



■ मोदी ने खेल, संस्कृति, समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण पर रखे विचार

प्रधानमंत्री ने रविवार को प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित करते हुए खेल, संस्कृति, समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के विभिन्न शक्ति केंद्रों में कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रांची में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ियों की सराहना की। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले धावक गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर से फोन पर बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। देश में पड़ रही भीषण गर्मी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा पारंपरिक एवं स्वदेशी पेय पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने नीदरलैंड से भारत वापस लाई गई लगभग एक हजार वर्ष पुरानी ऐतिहासिक ताम्र पट्टिकाओं का भी जिक्र करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक देश की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित करने और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रधानमंत्री ने मनोरमा नदी के पुनरुद्धार के लिए किए जा रहे सामुदायिक प्रयासों की सराहना की। साथ ही मन की बात से प्रेरित होकर स्कूली बच्चों द्वारा गुल्लक में एक-एक रुपया जमा कर सैनिक कल्याण के लिए 40 लाख रुपए एकत्र करने की पहल को पूरे देश के लिए प्रेरणादायी बताया। भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के अंतर्गत मालपारा मतदान केंद्र क्रमांक 68 में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी एवं गुरपाल रंधावा ने शक्ति केंद्र प्रभारी धर्मेंद्र रावटे के साथ मोबाइल के माध्यम से कार्यक्रम का श्रवण किया। इसके अलावा भानबेड़ा शक्ति केंद्र में जितेंद्र पांडे एवं भागबली जैन, कच्चे में ज्वाला प्रसाद जैन, असुलखार में ढालन सिंह राणा तथा भानुप्रतापपुर शक्ति केंद्र में राजीव श्रीवास, रजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, संगीता टांडिया, सीता चंद्राकर एवं उर्मिला जसूजा सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सुना। मालपारा शक्ति केंद्र में धर्मेंद्र रावटे, सुजीत नाग, जयता, सुजान नाग, कुशल, कोमल, चंपाबाई, संदीप भूसाखर, कृष्णा नेताम, विष्णु, जीवन कोरेटी, सुभद्रा नाग, गीता नाग, परदेशीन साहू, दुर्गा सोनवानी सहित ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाज का पुनर्गठन कर नए पदाधिकारियों का किया चयन

# सतनामी समाज के महासम्मेलन में कुरीतियों के खिलाफ लिए गए निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



संबलपुर में अखिल भारतीय सतनामी समाज कांकेर का वार्षिक महासम्मेलन 2026 समाज के आराध्य गुरु घासीदास जी की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। सम्मेलन में समाज के पदाधिकारियों का पुनर्गठन किया गया तथा बस्तर संभाग, दुर्ग संभाग और नगरी ब्लॉक सहित विभिन्न क्षेत्रों से समाजजन शामिल हुए।

सम्मेलन में समाज के उत्थान, शिक्षा, संगठन विस्तार और सामाजिक सुधार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान समाज में व्याप्त कुछ कुरीतियों को समाप्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। समाज ने विधवा महिलाओं को सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों में सम्मानजनक स्थान देने, मृत्यु भोज और कफन प्रथा पर रोक लगाने, विवाह समारोहों में अनावश्यक उपहार एवं तिलक प्रथा पर नियंत्रण, सामाजिक कार्यक्रमों को कम खर्च में संपन्न करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। इसके अलावा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सामाजिक प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्रदान करने का निर्णय लिया गया। समाज के पदाधिकारियों ने इसे नई पीढ़ी को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। महासम्मेलन में अनुभवी पदाधिकारियों के साथ-साथ युवाओं को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं, ताकि युवा पीढ़ी समाज की रीति-नीति, परंपराओं और संगठनात्मक कार्यों को निकट से समझ सके।

नवगठित कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर धंसराज टंडन को बस्तर संभाग सतनामी समाज का संभागीय अध्यक्ष, सुरेश बघेल को जिला अध्यक्ष सतनामी समाज कोंडागांव, गोविंद कोसरे को जिला संरक्षक, चुरेंद्र चतुर्वेदी को जिला प्रवक्ता तथा कुंज बिहारी पटेला को जिला सलाहकार सहित विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे गए। सम्मेलन में दानेश्वर बंजारे, विष्णु टंडन, भूषण चतुर्वेदी, फुलसिंग बंछोर, अमृत मौर्य, तीरथ महिलांगे, सत्यवती खिलाड़ी, मनोज महिलांग, अन्नू लहरे, पुनीत गाडरे, नरेंद्र चंदेल, सुभाष भारती, चिंताराम जांगड़े, मंगलुराम गायकवाड़, श्यामलाल केसरी, सूरज भदोरिया, उदल महिलांगे, दिनेश भदोरिया, अरुण बंजारे सहित समाज के युवा सदस्य उपस्थित रहे।

## भडरीमऊ के ग्रामीणों को राशन लेने 13 किलोमीटर दूर ककालगुर नहीं जाना पड़ेगा



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा विकासखंड के ग्राम पंचायत ककालगुर के आश्रित ग्राम भडरीमऊ और आसपास के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए मीलों का सफर तय करने की परेशानी से अब हमेशा के लिए मुक्ति मिलने वाली है। शासन भडरीमऊ में जल्द ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान खोलने की तैयारी पूरी कर ली है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज